म.प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
सा विद्या या विमुक्तये

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

TESS India

प्रारंभिक अंग्रेज़ी

# अंग्रेजी भाषा सीखें आसपास से






भारत में विद्यालय
समर्थित शिक्षक-शिक्षा
www.TESS-India.edu.in

cc BY SA
http://creativecommons.org/licenses/

The Open University

UKaid
from the British people

**एस.आर.मोहन्ती**
**अपर मुख्य सचिव**

अ.शा.पत्र क्र R.S.K/10..............
दूरभाष कार्यालय - 0755-4251330
**मध्यप्रदेश शासन**
**स्कूल शिक्षा विभाग**
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल-462 004
भोपाल, दिनांक 20-1-2016

# संदेश

प्रिय शिक्षक साथियों,

बच्चों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और रोचक बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग निरन्तर प्रयासरत् है। आप सभी के प्रयासों से शिक्षकों के शिक्षण कौशल में भी निखार आया है और शालाओं में कक्षा शिक्षण भी आंनददायी तथा बेहतर हुआ है।

इसी दिशा में शिक्षकों को बाल केन्द्रित शिक्षण की ओर उन्मुख करने और शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को लेकर, TESS India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधनों (Open Educational Resources) का विकास किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता व सुगमतापूर्वक किया जा सकता है। आशा है कि ये संसाधन, शिक्षकों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन और क्षमतावर्द्धन में लाभकारी और उपयोगी सिद्ध होंगे।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में TESS India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार किये गये मुक्त शैक्षिक संसाधनों (Open Educational Resources) को www.educationportal.mp.gov.in पर भी उपलब्ध कराया गया हैं। आशा है इन संसाधनों के उपयोग से प्रदेश के शिक्षक और शिक्षक प्रशिक्षक लाभान्वित होंगे और कक्षाओं में पठन पाठन को रूचिकर और गुणवत्तायुक्त बनाने में मदद मिलेगी।
शुभकामनाओं सहित,

(एस.आर.मोहन्ती)

**दीप्ति गौड मुकर्जी**
आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र एवं
सचिव
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

अर्द्ध शा. पत्र क्र. : 8
दिनांक : 12-1-16
पुस्तक भवन, वी-विंग
अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
फोन : (का.) 2768392
फैक्स : (0755) 2552363
वेबसाइट : www.educationportal.mp.gov.in
ई-मेल : rskcommmp@nic.in

# संदेश

प्रिय शिक्षक साथियों,

सभी बच्चों को रूचिकर और बाल केन्द्रित शिक्षा उपलब्ध हो इसके लिए आवश्यक है कि हमारे शिक्षकों को शिक्षण की नवीनतम तकनीकों और शिक्षण विधियों से परिचित कराया जाए साथ ही इन तकनीकों के उपयोग के लिए उन्हे प्रोत्साहित भी किया जाए। TESS India द्वारा तैयार किये गये मुक्त शैक्षिक संसाधनों (Open Educational Resources) के उपयोग से शिक्षक शिक्षण प्रविधि के व्यावहारिक उपयोग को सीख सकते हैं। इनकी सहायता से शिक्षक न केवल विषय वस्तु को सुगमता पूर्वक पढ़ा सकते हैं बल्कि पठन पाठन की इस प्रक्रिया में बच्चों की अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानीय भाषा में तैयार किये गये इन मुक्त शैक्षिक संसाधनों (Open Educational Resources) को अपने पोर्टल www.educationportal.mp.gov.in पर भी उपलब्ध कराया है।

आशा हैं, कि आप इन संसाधनों का कक्षा शिक्षण के दौरान नियमित रूप से उपयोग करेंगे और अपने शिक्षण कौशल में वृद्धि करते हुए बच्चों की पढ़ाई को आनंददायक बनाने का प्रयास करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(दीप्ति गौड मुकर्जी)

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

## टेस–इण्डिया स्थानीयकृत ओईआर निर्माण में सहयोग

| |
|---|
| **मार्गदर्शन एवं समीक्षा :** |
| श्रीमती स्वाति मीणा नायक, अपर मिशन संचालक, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| डॉ. एच. के. सेनापति, प्राचार्य, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. ओ.पी.शर्मा, अपर संचालक, मध्यप्रदेश एससीईआरटी |
| डॉ. अशोक कुमार पारीक उपसंचालक, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री आर. पी. त्रिपाठी, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| प्रो.जयदीप मंडल, विभागाध्यक्ष विज्ञान एवं गणित शिक्षा संकाय, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. आर. रायजादा, सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष विस्तार शिक्षा, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. वी.जी. जाधव, से.नि. प्राध्यापक भौतिक, एनसीईआरटी |
| डॉ. के. बी. सुब्रमण्यम से.नि. प्राध्यापक गणित, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. आई. पी. अग्रवाल से.नि. प्राध्यापक विज्ञान, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. अश्विनी गर्ग सहा. प्राध्यापक गणित संकाय, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. एल. के. तिवारी, सहप्राध्यापक विज्ञान, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| श्री एल.एस.चौहान, सहा. प्राध्यापक विज्ञान, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. श्रुति त्रिपाठी, सहा. प्राध्यापक अंग्रेजी, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. रजनी थपलियाल, व्याख्याता अंग्रेजी, ईएलटीआई, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| डॉ. मधु जैन, व्याख्याता शास. उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल |
| डॉ. सुशोवन बनिक, सहा. प्राध्यापक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. सौरभ कुमार मिश्रा, सहा. प्राध्यापक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| श्री. अजी थॉमस, सहा. प्राध्यापक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| डॉ. राजीव कुमार जैन, सहा. प्राध्यापक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल म.प्र. |
| **स्थानीयकरण :** |
| **भाषा एवं साक्षरता** |
| डॉ. लोकेश खरे, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| डॉ. एम.एल. उपाध्याय से.नि. व्याख्याता शास. उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय मुरैना |
| श्री रामगोपाल रायकवार ,कनि. व्याख्याता, डाइट कुण्डेश्वर, टीकमगढ़ |
| डॉ. दीपक जैन अध्यापक, शास. उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय क्र 1 टीकमगढ़ |
| **अंग्रेजी** |
| श्री राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य, ईएलटीआई, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्रीमती कमलेश शर्मा. डायरेक्टर , ईएलटीआई, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री हेमंत शर्मा, प्राचार्य, ईएलटीआई, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री मनोज कुमार गुहा वरि. व्याख्याता, एससीईआरटी. मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| डॉ. एफ.एस.खान, वरि.व्याख्याता, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (आईएएसई) भोपाल |
| श्री सुदीप दास, प्राचार्य, शास.उ.मा.विद्यालय दालौदा, मन्दसौर |
| श्रीमती संगीता सक्सेना, व्याख्याता, ,शास.कस्तूरबा कन्या उ.मा.विद्यालय भोपाल |
| **गणित** |
| श्री बी.बी. पी. गुप्ता, समन्वयक गणित, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री ए. एच. खान प्राचार्य शास.उ.मा.विद्यालय रामाकोना, छिंदवाड़ा |
| डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त , प्राचार्य शास. जीवाजी ऑब्जर्वेटरी उज्जैन |
| डॉ.आर,सी. उपाध्याय, वरि. व्याख्याता, डाइट, सतना |
| डॉ. सीमा जैन, व्याख्याता, शास. कन्या उ.मा.विद्यालय गोविन्दपुरा, भोपाल |
| श्री सुशील कुमार शर्मा, शिक्षक, शास. लक्ष्मी मंडी उ.मा.विद्यालय, अशोका गार्डन, भोपाल |
| **विज्ञान** |
| डॉ. अशोक कुमार पारीक उपसंचालक, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल |
| डॉ. सुसम्मा जॉनसन, व्याख्याता एस.आई.एस.ई. जबलपुर मध्यप्रदेश |
| डॉ.सुबोध सक्सैना, समन्वयक एससीईआरटी मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल |
| श्री आर. पी. त्रिपाठी, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री अरूण भार्गव, वरि. व्याख्याता, एससीईआरटी, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल |
| श्रीमती सुषमा भट्ट, वरि.व्याख्याता, एससीईआरटी, मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| श्री ब्रजेश सक्सेना, प्राचार्य, एससीईआरटी ,मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल |
| डॉ. रेहाना सिद्दकी से.नि. व्याख्याता सेन्ट फ्रांसिस हा. से. स्कूल भोपाल |

*TESS-India* (विद्यालय समर्थित शिक्षक शिक्षा) का उद्देश्य मुक्त शैक्षिक संसाधनों की सहायता से भारत में प्रारंभिक और सेकेण्डरी शिक्षकों के कक्षा अभ्यास व कक्षा निष्पादन को सुधारना है जिसमें वे इन संसाधनों की सहायता से विद्यार्थी-केंद्रित, सहभागी दृष्टिकोणों का विकास कर सकें। टेस इंडिया के मुक्त शैक्षिक संसाधन शिक्षकों के लिए स्कूल पाठ्य पुस्तक के अतिरिक्त,सहयोगी पुस्तिका या संसाधन की तरह हैं। इसमें शिक्षकों के लिए कुछ गतिविधियां दी गई हैं जिन्हे वे कक्षाओ में विद्यार्थियों के साथ प्रयोग में ला सकते हैं, इसके साथ साथ कुछ केस स्टडी दी गई हैं जो यह बताती हैं कि कैसे अन्य शिक्षकों ने पाठ्य विषय को कक्षाओं में पढ़ाया और अपनी विषय संबंधी जानकारियों को बढ़ाने तथा पाठ योजनाओं को तैयार करने में संसाधनों का उपयोग किया।

*TESS-India OER* भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल भारतीय तथा अंतर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार किये गये है और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट रूप में उपयोग के लिए उपलब्ध हैं *(http://www.tess-india.edu.in)*। *OER* कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक भारतीय राज्य के शिक्षकों के उपयोग के लिए उपयुक्त तथा कई संस्करणों में उपलब्ध हैं तथा शिक्षक व उपयोगकर्ता इन्हे अपनी स्थानीय आवश्यकताओं और सन्दर्भों के अनुरूप इनका स्थानीय करण करके उपयोग कर सकते हैं।

प्रस्तुत संस्करण मध्यप्रदेश की स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**वीडियो संसाधन**

इस इकाई में कुछ गतिविधियों के साथ यह आइकॉन दिया गया है:  . इसका अर्थ है कि आप उक्त विशिष्ट विषयवस्तु या शैक्षणिक प्रविधि को और अधिक समझने के लिए *TESS-India* के वीडियो संसाधनों की मदद ले सकते हैं।

TESS-India वीडियो ससांधन (Resources) भारतीय परिप्रेक्ष्य में कक्षाओं में उपयोग की जा सकने वाली सीखने–सिखाने की विविध तकनीकों को दर्शाते हैं। हमें यकीन है कि इनसे आपको इसी प्रकार की तकनीकें अपनी कक्षा में करने में मदद मिलेगी। यदि इन वीडियो संसाधनों तक आपकी पहुॅच नहीं हो तो कोई बात नहीं। यह वीडियो पाठ्यपुस्तक का स्थान नहीं लेते, बल्कि उसको पढ़ाने में आपकी मदद करते हैं।

*TESS-India* के वीडियो संसाधनों को *TESS-India* की वेबसाइट *http://www.tess-india.edu.in/* पर ऑनलाइन देखा जा सकता है या डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आप इन वीडियो को सीडी या मेमोरी कार्ड में लेकर भी देख सकते हैं।

*संस्करण* 2.0 EE153v2
Madhya Pradesh
तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है: *http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3*
TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

## यह इकाई किस बारे में है

इस इकाई में आप जानेंगे कि आप और आपके विद्यार्थी प्रतिदिन जिस मौखिक और लिखित अंग्रेज़ी भाषा के संपर्क में आते हैं, उसका उपयोग करके अंग्रेज़ी भाषा कैसे पढ़ाई जा सकती है। यह 'दैनिक' अंग्रेज़ी भाषा आपको ऐसे रोचक अध्यापन संसाधन दे सकती है, जिससे विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा के प्रति उत्साहित होते है।

भारत में अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग अलग अलग उद्देश्यों के लिए और देश के हर भाग में अलग अलग तरीके से किया जाता है। बड़े शहरों में कई लोग हर दिन अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग करते हैं। अंग्रेज़ी भाषा सड़क किनारे लगे साइनबोर्ड पर, विज्ञापनों में, अख़बारों और पत्रिकाओं में दिखाई देती है और एफएम रेडियो पर, लोकप्रिय संगीत में और सिनेमा में सुनी जाती है।

दूरस्थ गाँवों में, अंग्रेज़ी भाषा बोलने वाला समुदाय आमतौर पर नहीं दिखाई देता, लेकिन अक्सर वह मौजूद होता है। 'bus', 'car', 'phone', 'TV', 'radio', 'fridge' या यहाँ तक कि 'school' जैसे शब्द भी अब देश के ज्यादातर भागों में हर दिन की शब्दावली का हिस्सा बन चुके हैं। जब आप इस पर ध्यान देते हैं, तो आपको पता चलेगा कि अंग्रेज़ी भाषा आपकी उम्मीद से ज्यादा मौजूद है – भोजन के पैकेटों पर, टिकटों और कपड़ों के लेबलों (नाम पत्रों) पर और संगीत में भी। हर गाँव में बस या रेल लिंक होती है, जहाँ लोग आते हैं और आस-पास के कस्बों या शहरों तक जाते हैं। ऐसे लोग अंग्रेज़ी भाषा के संसाधन हो सकते हैं। वे अपने गाँव से बाहर के लोगों के साथ संवाद करने के अनुभवों के बारे में बता सकते हैं, और यह भी बता सकते हैं कि वे इसके लिए अंग्रेज़ी भाषा या अन्य भाषाओं का उपयोग किस प्रकार करते हैं।

एक शिक्षक के रूप में आप अपने समुदाय से और अपने आस-पास के समुदाय से अंग्रेज़ी भाषा को अपनी कक्षा में ला सकते हैं। यह इकाई इस काम की शुरुआत करने में आपकी मदद करने के लिए तैयार की गई है।

### इस इकाई से आप क्या सीख सकते हैं

- अपने समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा के संसाधनों का पता लगाने में।
- विद्यार्थी पहले से ही अंग्रेज़ी भाषा के बारे में क्या जानते हैं, यह समझने में।
- अंग्रेज़ी भाषा को कक्षा के भीतर और बाहर जोड़ने में।

## 1 रोजमर्रा की अंग्रेज़ी भाषा क्या है?

आपको सबसे पहले यह सोचना होगा कि 'रोजमर्रा की अंग्रेजी' भाषा क्या है और आप अपने समुदाय में एक संसाधन के रूप में इस तक कैसे पहुँच सकते हैं।

| गतिविधि 1: दैनिक अंग्रेजी भाषा क्या है? |
|---|
| भारत में, अधिकांश समुदाय कई भाषाओं का उपयोग करते हैं। इसका अर्थ यह है कि स्कूल आने वाले कई विद्यार्थी एक से ज्यादा भाषा बोलते हैं। हमारे समाजोंमें अंग्रेज़ी भाषा की मौजूदगी के कारण, विद्यार्थी अपनी दैनिक बातचीत में भी नियमित रूप से कुछ अंग्रेज़ी शब्दों का उपयोग करते होंगे, भले ही उन्हें अहसास न हो कि ये अंग्रेज़ी भाषा के शब्द हैं।<br><br>*हमारी रोजमर्रा की भाषा में, हम अक्सर आम वस्तुओं और गतिविधियों के लिए अंग्रेज़ी भाषा शब्दों का उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिए, हममें से जो लोग शहरों में रहते हैं, उनके पास holidays हैं, हम factories या offices, में काम करते हैं और हम school में एक bag के साथ जाते हैं, जो books, pens, pencils और water bottles से भरे होते हैं, जिसके लिए हम buses में roads. पर यात्रा करते हैं। यहाँ तक कि जो लोग शहरों में नहीं रहते हैं, उन्हें भी कई अंग्रेज़ी भाषा के शब्द आते होंगे। उदाहरण के लिए, 'post office' और 'bus stop' शब्दों को लोग पूरे भारत में समझ लेते हैं। कुछ नए हाइवे पर अब रोड टोल या 'tax' वसूला जाता है। कई लोग इन शब्दों का अर्थ सीख गए हैं, जबकि उन्हें खासतौर पर इन शब्दों को बोलना सिखाया नहीं गया था।*<br><br>आप दैनिक अंग्रेज़ी भाषा के किन शब्दों को जानते हैं? उनकी सूची बनाएँ और आप उनमें से जिन शब्दों का कक्षा में उपयोग करते हैं, उन्हें चिह्नित करें। क्या आपके विद्यार्थियों को भी ये शब्द मालूम हैं? सूची में उन शब्दों को हाइलाइट करें, जो आपके विद्यार्थियों को मालूम होंगे। |

जब विद्यार्थी समुदाय में दिखाई और सुनाई देने वाली अंग्रेज़ी भाषा को समझने की कोशिश करते हैं, तब उनका ध्यान इसका अर्थ समझने पर केंद्रित होता है। वे यह भूल सकते हैं कि वे भाषा सीख भी रहे हैं। जब आप दैनिक अंग्रेज़ी भाषा का अपना और अपने विद्यार्थियों का ज्ञान आगे बढ़ाते हैं, तो आप प्रामाणिक अंग्रेज़ी भाषा सीखने में उनकी मदद करते हैं – इसका मतलब है ऐसी अंग्रेज़ी भाषा का, जिसका उपयोग वे कक्षा के बाहर वास्तविक दुनिया में भी कर सकते हैं।


### गतिविधि 2: दैनिक अंग्रेजी भाषा हेतु एक योजना गतिविधि

अपने खुद के समुदाय के बारे में सोचें और यह सोचें कि आपके अनुसार निम्नलिखित अंग्रेज़ी भाषा के संसाधनों में से कौन-से संसाधन आपके लिए और आपके विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं:

- पत्रिकाएँ
- अख़बारों के लेख
- विज्ञापन
- खेल रिपोर्टें
- लोकप्रिय गीत
- रस्टोरेंट के मेनू कार्ड
- सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड
- दुकानों में लगे साइन बोर्ड
- पर्यटक सूचना पत्र
- नक्शे
- टिकट
- कॉमिक्स
- ग्रीटिंग कार्ड
- बस की समय सारिणी
- टी-शर्ट
- कैलेंडर
- खाद्य पदार्थों या चिकित्सा उत्पादों के कवर
- सिनेमा
- रेडियो
- टेलीविजन
- इन्टरनेट।

अगले कुछ सप्ताहों तक अपने साथ एक कॉपी रखें। आपको अपने समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा में जो भी देखने और सुनने को मिलता है, उसके बारे में टिप्पणी दर्ज करते जाएँ। इन्हें आपके द्वारा गतिविधि 1 में बनाई गई सूची में जोड़ें। यदि कोई ऐसे शब्द हैं, जिन्हें आप नहीं पहचान पाते हैं, तो उनके अर्थ किसी शब्दकोश में ढूँढें। शब्दों को सीखने में मदद पाने के लिए अपनी कॉपी में इनकी परिभाषाएँ लिखें।

क्या कोई ऐसी जगहें हैं, जहाँ अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग दिखने या सुनाई देने की संभावना ज्यादा है? ये कौन-सी जगहें हैं? आपको ऐसा क्यों लगता है कि आपको इन जगहों पर अंग्रेज़ी भाषा ज्यादा देखने या सुनने को मिलती है? दैनिक अंग्रेज़ी भाषा के कुछ उदाहरण चित्र 1 में दर्शाए गए हैं, जिनसे आपको कुछ विचार मिल सकते हैं।




चित्र **1** समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा के उदाहरण: (a) पैकेजिंग पर; (b) मोबाइल फोन सेवाओं के एक विज्ञापन में; (c) बच्चों की टी-शर्टों पर; (d) एक विज्ञापन में गाँव की दीवार पर; (e) स्कूल में द्विभाषी साइनबोर्ड पर; (f) सड़क किनारे लगे साइनबोर्ड पर।

अपनी सूची बना लेने के बाद, इसकी समीक्षा करें और इस बारे में सोचें कि क्या आपके विद्यार्थियों का भी इन स्थानों पर अंग्रेज़ी भाषा से संपर्क होने की संभावना है। क्या वे इस भाषा से परिचित होंगे? आप अपने भाषा पाठों में जो शब्द और वाक्यांश सिखाते हैं, क्या उनमें से कुछ स्थानीय पर्यावरण में भी मौजूद हैं? आपने जो उदाहरण इकट्ठे किए हैं, क्या आप उनमें से कुछ का उपयोग कक्षा में कर सकते हैं?

अपने स्कूल के आस-पास सामुदायिक संसाधन हासिल करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए संसाधन 1, 'स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना' देखें।

## 2 पता लगाएँ कि आपके विद्यार्थी कितनी अंग्रेज़ी भाषा जानते हैं

यह भी संभव है कि आप जितना सोचते हैं, आपके विद्यार्थियों को उससे ज्यादा अंग्रेज़ी भाषा आती हो। केस–स्टडी 1 में एक शिक्षक यह पता लगाते हैं कि उनके विद्यार्थी क्या जानते हैं।

### केस–स्टडी 1: श्री अर्जुन यह पता लगाते हैं कि उनके विद्यार्थी अंग्रेज़ी भाषा के बारे में कितना जानते हैं

*श्री अर्जुन एक आदिवासी विद्यालय में कक्षा एक से तीन में अंग्रेज़ी* भाषा *के शिक्षक हैं। वे अंग्रेजी और हिन्दी भाषा बोलते हैं, लेकिन उन्हें स्थानीय भाषा, का बहुत सीमित ज्ञान है।*

मैं जिन विद्यार्थियों को पढ़ाता हूँ, वे बहुत गरीब पृष्ठभूमि से हैं और उनमें से कई विद्यार्थी ऐसे परिवेशों से आते हैं जिनके पास पर्याप्त पठन सामग्री नहीं हैं। यदि मैं किसी शहर में पढ़ा रहा होता, तो मैं ये उम्मीद करता कि विद्यार्थियो ने अपने घर में अंग्रेज़ी भाषा सुनी होगी या उनके अभिभावक अंग्रेज़ी भाषा का अख़बार पढ़ते होंगे। मैंने सोचा नहीं था कि मैं गाँव में जिन विद्यार्थियों को पढ़ाता हूँ, वे अपने स्थानीय परिवेश में अंग्रेज़ी भाषा के ज्यादा संपर्क में आए होंगे। लेकिन मैं गलत था!

एक दिन मैंने विद्यार्थियों से पूछा कि उन्हें कौन-से खेल खेलना पसंद है। इसमें आश्चर्य नहीं था कि उनमें से सभी ने उत्तर में 'Cricket!' कहा, लेकिन मुझे आश्चर्य इस बात से हुआ कि विद्यार्थियों को क्रिकेट से संबंधित कई अंग्रेज़ी भाषा में शब्द मालूम थे। इसलिए मैंने उन शब्दों को बोर्ड पर लिखना शुरू किया। कुछ देर बाद यह सूची इतनी लंबी हो गई कि मैं एक कॉपी में वे सारे शब्द लिखने लगा, जो उन्हें मालूम थे। कुछ ही दिनों में यह सूची क्रिकेट से जुड़े शब्दों और वाक्यांशों से आगे बढ़कर अन्य खेलों तक भी पहुँच गई।

सप्ताह के अंत तक, मेरे पास 100 से भी ज्यादा अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों और वाक्यांशों की सूची बन चुकी थी, जो विद्यार्थियों को पहले से मालूम थे: बाज़ार में उपयोग होने वाले शब्द, व्यवसायों के शब्द और परिवहन व वाहनों से जुड़े शब्द – यह इसलिए क्योंकि उनके अभिभावकों या परिवार के अन्य सदस्यों में से ज्यादातर ट्रक ड्राइवर, गार्ड या परिवहन कर्मचारी थे। उन्हें 'Jeep', 'tyre', 'brake' और 'lights' जैसे शब्द, तथा वाहनों के रखरखाव तथा उनसे संबंधित साधनों से जुड़े शब्द मालूम थे: 'wash', 'polish', 'water', 'air', 'petrol', 'nut', 'bolt' और 'pana'। मुझे यह अंतिम शब्द नहीं मालूम था। फिर विद्यार्थियों के हावभावों और वर्णन से, मुझे अहसास हुआ कि वे इन शब्दों का प्रयोग पाना ('spanner') के लिए करते थे। मैंने उन्हें इनके समकक्ष अंग्रेज़ी भाषा शब्द से परिचित करवाया।

जल्दी ही मेरे पास कई सूचियाँ बन गईं। मैंने उन तरीकों के बारे में सोचना शुरू किया, जिनका उपयोग करके मैं विद्यार्थियों की सीखने में मदद कर सकता था। पहले मैंने इन सूचियों पर निगाह डाली, और उनमें ऐसे शब्द ढूँढे, जो उनके पाठों में भी आते थे। मैंने इस बारे में और ज्यादा सोचना शुरू किया कि मैं पाठ्यपुस्तक के पाठ पढ़ाते समय विद्यार्थियों को किस तरह याद दिला सकता कि वे पहले से ही इन शब्दों को जानते हैं।

### विचार कीजिए

श्री अर्जुन ने बोर्ड पर उन शब्दों को संकलित करना शुरू किया, जिन्हें उनके विद्यार्थी जानते थे। लेकिन यह सूची बढ़ती ही गई। क्या आप एक ऐसी अंग्रेज़ी भाषा की शब्दावली की सूची संकलित करने के तरीकों के बारे में सोच सकते हैं, जिससे आपके विद्यार्थी उनके समुदायों से परिचित हों? आप इस सूची को किस प्रकार विद्यार्थियों के शिक्षण से जोड़ सकते हैं?

- क्या आप शब्दों और चित्रों को कक्षा की दीवार पर प्रदर्शित कर सकते हैं?
- क्या आप कक्षा के लिए एक 'English reference book' बना सकते हैं और इसका रखरखाव कर सकते हैं, जिसकी आप नियमित रूप से विद्यार्थियों के साथ समीक्षा करेंगे?
- कौन-सी बाधाएँ आपको इस तरह की गतिविधियों से रोकती हैं?

## गतिविधि 3: पता लगाएँ कि आपके विद्यार्थी कौन-से अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों और वाक्यांशों से परिचित हैं

क्या आपने ध्यान दिया है कि आपके विद्यार्थी पहले से ही कुछ अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों और वाक्यांशों से परिचित हैं? सारणी 1 को देखें और इस बारे में सोचें कि बायीं-तरफ वाले स्तंभ में दिए गए एक या अधिक विषयों के बारे में बोलते समय आप किन शब्दों या वाक्यांशों का उपयोग करते हैं।

*सारणी **1** क्या आपके विद्यार्थी इन विषयों से संबंधित कोई भी अंग्रेज़ी भाषा शब्द जानते हैं?*

| विषय | अंग्रेज़ी शब्दों और वाक्यांशों के उदाहरण |
|---|---|
| क्रिकेट या अन्य खेल | Bat, ball, game, out, team, point, score, stadium, field |
| लोगों की नौकरियां | Police, teacher, guard, driver, doctor, nurse, engineer |
| हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहन और उनसे संबंधित शब्द | Bus, car, scooter, train, cycle, petrol |
| घर और उनमें पाई जाने वाली वस्तुएँ | Gate, door, bed, TV, computer, kitchen, phone, bulb, light, current |
| हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले औज़ार | Hammer, tape, pencil, rubber |
| हम जो खाते और पीते हैं | Cool drink, juice, bread, biscuit |
| मनोरंजन के विभिन्न रूप | Film, actor, dance, music, singer |
| कंप्यूटर, तकनीक और मोबाइल फोन | Computers, text message, mobile phones |
| दवा | Prescriptions, cough syrup, vitamin, tonic |

अपने विद्यार्थियो से कहें कि इन विषयों से जुड़े जितने शब्दों और वाक्यांशों को वे जानते हैं, किसी भी भाषा में उनकी एक सूची बनाएँ। क्या इनमें से कुछ शब्द और वाक्यांश अंग्रेज़ी भाषा में हैं?

अपने विद्यार्थियों के योगदान की तुलना सारणी 1 में दायीं-तरफ बने स्तंभ में दिए गए उदाहरणों के साथ करें। सारणी 1 की एक प्रति का उपयोग करके, विद्यार्थियों द्वारा बोले गए शब्द पर निशान लगाएँ – भले ही वे इसे अलग अलग तरीकों से बोलते हों, जैसा कि 'pana'/'spanner' केस–स्टडी 1 में हुआ। क्या उन्होंने कोई और अंग्रेज़ी भाषा के शब्द उपयोग किए थे?

इस तरह की गतिविधि में सहायता करने के लिए, शायद आपको अपने स्कूल में विशिष्ट विषयों के शिक्षकों से बात करना रोचक लगेगा। खेल प्रशिक्षक अक्सर अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों और वाक्यांशों का उपयोग करते हैं, जैसे 'Run!' या 'Stand in a line!' इसी तरह विज्ञान के शिक्षक अक्सर उपकरणों को उनके अंग्रेज़ी भाषा के नाम से संदर्भित करते हैं (उदा. 'microscope'), और जो शिक्षक स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बात करते हैं, वे 'antiseptic' और 'bandage' जैसे शब्दों का ज़िक्र करते हैं। इस तरह विद्यार्थी एक ही समय पर अंग्रेज़ी भाषा और एक अन्य विषय सीखते हैं।

आपने और आपके विद्यार्थियों ने जो अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों की सूची बनाई है, उसके आधार पर आप एक शब्दो की दीवार बना सकते हैं। बड़े अक्षरों में छः से आठ शब्द लिखें और उन्हें कक्षा में प्रदर्शित करें। शब्दों को बार-बार देखने से विद्यार्थियों को उनसे परिचित होने में मदद मिलेगी। आप सप्ताह में एक बार इस सूची में बदलाव या सुधार कर सकते हैं।

## 3 अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों को खोजना

अब निम्नलिखित गतिविधि आज़माकर देखें।

### गतिविधि 4: समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा

चूंकि हमारी स्थानीय भाषाओं में, इतनी बड़ी मात्रा में अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग हो रहा है, इसलिए कुछ विद्यार्थी ऐसे भी होंगे, जो अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें इसका अहसास नहीं है। ऐसे कई तरीके हैं, जिनके द्वारा आप विद्यार्थियों को उनके समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा के बारे में ज्यादा जागरुक बना सकते हैं। यहाँ कुछ गतिविधियों के उदाहरण हैं, जिनका उपयोग प्राथमिक शिक्षकों ने किया है:

- विद्यार्थियों को रेलवे स्टेशन ले जाएँ। अंग्रेज़ी भाषा में लगे सभी साइनबोर्ड देखें और उनके अर्थ के बारे में चर्चा करें।
- एक टूथपेस्ट का विज्ञापन लाएँ, जिसमें कहा गया हो कि 'Brush your teeth every day'। 'tooth' और 'teeth' जैसे शब्दों के अनियमित बहुवचनों पर चर्चा करें।
- एक सप्ताहांत में समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों को ढूँढने का होमवर्क दें। उदाहरण: अख़बार, पत्रिकाएँ, विज्ञापन; सिनेमा या अन्य मनोरंजनों के टिकट, और 'Entry', 'Exit', 'Tickets' और 'Toilet' जैसे साइनबोर्ड; या सड़क पर बने ऐसे साइनबोर्ड जिन पर 'No parking', 'One way' और 'No entry' जैसी बातें लिखी हों। कक्षा में, उन शब्दों के बारे में चर्चा करें जो परिचित हैं और जो परिचित नहीं हैं।
- ऐसे टी-शर्ट देखें, जिन पर अंग्रेज़ी भाषा में कुछ लिखा हुआ हो। अपने कपड़ों में अंग्रेज़ी भाषा में लेबल ढूंढें। आपको जो शब्द और वाक्यांश मिलते हैं, उनके अर्थ के बारे में बात करें।
- विद्यार्थियों से कहें कि वे स्कूल की इमारत में जो भी अंग्रेज़ी भाषा के शब्द और संकेत सुनते या देखते हैं, उन्हें लिखें।
- विद्यार्थियों से अंग्रेज़ी भाषा में रेडियो प्रसारण सुनने को कहें। भले ही वे बहुत ज्यादा न समझते हों, लेकिन प्रामाणिक रूप से उपयोग की जाने वाली अंग्रेज़ी भाषा को सुनने से उन्हें लाभ होगा और कुछ शब्दों और वाक्यांशों को समझने में सक्षक हो पाने के कारण उन्हें इसमें मज़ा आएगा।

इनमें से एक उदाहरण चुनें और अपने विद्यार्थियों के साथ आज़माकर देखें। इस गतिविधि को सफल बनाने के लिए आपको क्या व्यवस्थित करना होगा? गतिविधि में विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए आप किस मापदंड का उपयोग करेंगे?

अपने विद्यार्थियों के साथ यह गतिविधि कार्यान्वित करें। उन्होंने किस तरह की प्रतिक्रिया दी? क्या उन्होंने ज्यादा अंग्रेज़ी भाषा के शब्द सुनें या पढ़े? आपने इसका मूल्यांकन कैसे किया?

अगले स्थिति अध्ययन में, एक शिक्षिका अपनी कक्षा में एक अंग्रेज़ी भाषा के अख़बार लाती हैं। भारत के कई अंग्रेज़ी भाषा के अख़बारों में बाल पाठकों के लिए अतिरिक्त पृष्ठ होते हैं, जिनमें आपके विद्यार्थियों की रुचि के विषय हो सकते हैं।

### केस–स्टडी 2: श्रीमती सविता एक अंग्रेज़ी भाषा के अखबार के एक लेख का उपयोग करती हैं

*श्रीमती सविता सातवीं कक्षा को पढ़ाती हैं।*

मुझे 'They have long legs' शीर्षक वाला एक छोटा-सा लेख एक अख़बार में बाल पाठकों के पन्ने में मिला जिसका शीर्षक 'Young World' था, जो कि *The Hindu* का भाग था। मुझे लगा कि मेरे विद्यार्थियों को लंबी टांगों वाले इन जीवों के बारे में सीखने में मज़ा आएगा। मुझे अहसास हुआ कि वह टेक्स्ट कक्षा सात के विद्यार्थियों के लिहाज से थोड़ा कठिन था, क्योंकि मुझे खुद भी कुछ शब्दावली के अर्थ ढूँढने पड़े थे। उदाहरण के लिए, मुझे मालूम नहीं था कि crane fly क्या होता है और मुझे खुद को यह याद दिलाना पड़ा कि 'vulnerable' का अर्थ क्या है। लेकिन टेक्स्ट इस लिहाज से पूर्वानुमान के योग्य था कि इसमें कीटों से पक्षियों तक और उसके बाद पशुओं के बारे में बात की गई थी। इसलिए मुझे लगा कि यदि मैं अपने विद्यार्थियों की मदद करुँगी, तो वे भी इसे समझ जाएँगे।

पहले पाठ में, मैंने दो पैराग्राफ ऊंची आवाज़ में पढ़कर सुनाए और कुछ अपरिचित मुख्य शब्दों का विद्यार्थियों के घर की भाषा में अनुवाद किया। ये दो पैराग्राफ सबसे कठिन थे, लेकिन जैसे-जैसे हम आगे पढ़ते गए, टेक्स्ट सरल हो गया। अगले पाठ में, मैंने टेक्स्ट का पहला भाग फिर से पढ़कर सुनाया और फिर हम शेष हिस्से में आगे बढ़े।

> Crane flies are insects with slender bodies and extremely long legs, which is why they are sometimes called daddy long legs.

They are slow flyers and vulnerable to predators. When they perch on plants or on the ground, they bob up and down, due to their habit of alternately bending and straightening their legs.

The black-winged stilt has the longest legs among birds – not the longest in absolute terms but longest relative to its body length, the legs making up 60 per cent of its height.

The giraffe's great height – it is the tallest animal – is due to its long legs and neck …

विद्यार्थी कीड़े के लिए 'daddy long legs'नाम सुनकर चकित रह गए थे। जब मैंने बोर्ड पर क्रेन फ्लाय का चित्र बनाकर दिखाया, तब वे समझ पाए कि यह क्या होती है। 'up and down', 'bending and straightening their legs', और 'habit' वाक्यांशों के विचारों और शब्दों से विद्यार्थी परिचित थे। कठिन हिस्से 'vulnerability to predators' के बारे में, और 'perching' (sitting) की अवधारणा के बारे में थे। मैंने तुरंत इन शब्दों का अर्थ विद्यार्थियों के घर की भाषा में समझा दिया।

अब विद्यार्थियों ने अपनी शब्दावली में शब्द 'insect' जोड़ लिया और साथ ही शब्द 'bird' और 'animal' भी जोड़े,जो हमारी पाठ्यपुस्तक में हैं। पक्षियों वाले हिस्से में, शरीर की तुलना में पैरों की सापेक्ष ऊंचाई को समझाने के लिए, मैंने 50 प्रतिशत (आधा), 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत दिखाने के लिए अपने हाथों और उँगलियों का उपयोग किया।

तब एक रोचक घटना हुई, जब तीसरा पैराग्राफ पढ़कर सुनाने से पहले मैं पूछा: 'Now you know a long-legged insect and a long-legged bird – can you think of a long-legged animal?' कई विद्यार्थियों ने तुरंत 'जिराफ' शब्द कहा। कुछ ने कहा कि उन्होंने टेलीविजन पर इसे देखा था। इसलिए जब मैंने बताया कि अखबार में आगे जिस जानवर के बारे बताया गया है, वह जिराफ ही है, तो विद्यार्थी अख़बार को देखने के लिए मेरे चारों तरफ इकट्ठा हो गए। अख़बार जैसे आधिकारिक स्त्रोत ने क्या कहा था, इसका सही अनुमान लगा लेने का मज़ा सचमुच बहुत ज्यादा था!

(अमृतवल्ली से लिया गया 2007)

विचार कीजिए

- श्रीमती सविता ने कक्षा सात के विद्यार्थियों के लिए अखबार के एक लेख का उपयोग किया। आप छोटी कक्षाओं के लिए इस गतिविधि को कैसे अनुकूलित करेंगे?
- क्या आपको लगता है कि अंग्रेज़ी भाषा और घर की भाषा में अदलाबदली करना श्रीमती सविता के लिए प्रभावी था? उन्होंने ऐसा कब और क्यों करना तय कयिा?
- श्रीमती सविता के अंतिम पैराग्राफ में उनके अवलोकनों के आधार पर, आपके अनुसार उन्होंने विद्यार्थियों के नई शब्दावली के ज्ञान का आंकलन कैसे किया?

**4** दैनिक जीवन में प्रयोग की जाने वाली अंग्रेजी भाषा

अब इन दो गतिविधियों का प्रयास करें।

गतिविधि 5: अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग करने वाले लोग – एक योजना गतिविधि

हो सकता है कि आपके विद्यार्थी ऐसे लोगों को जानते हों, जो व्यक्तिगत या व्यावसायिक कारणों से नियमित रूप से अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा के इन प्रयोगों के बारे में उनकी जागरुकता को बढ़ाने से उनमें अंग्रेज़ी भाषा सीखने का महत्व पुनर्स्थापित हो सकता है।

एक भाषा पाठ की योजना बनाएँ, जहाँ आप अपने विद्यार्थियों से निम्नलिखित संकेतों पर आधारित प्रश्न पूछेंगे। इनमें से कुछ संकेतों को पाठ से पहले बोर्ड पर लिख लेना मददगार हो सकता है:

- क्या आपने कभी अपने परिवार के किसी सदस्य को अंग्रेज़ी भाषा में कोई फॉर्म भरते हुए देखा है? उन्होंने ऐसा क्यों किया था – ड्राइविंग लाइसेंस पाने के लिए या कोई जन्म प्रमाण पत्र पाने के लिए? अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों और अर्थों पर चर्चा करें।
- क्या आपने अपने परिवार में किसी को अंग्रेज़ी भाषा में पत्र और/या ईमेल पाते या भेजते हुए देखा है? क्या आपने कभी अंग्रेज़ी भाषा में पत्र और/या ईमेल पाया या भेजा है?

- क्या आपने अपने परिवार में किसी को उनका पता अंग्रेज़ी भाषा में लिखते हुए देखा है? क्या आप अपना पता अंग्रेज़ी भाषा में लिख सकते हैं?
- क्या आपने किसी डॉक्टर को नुस्खा (Prescription) लिखते देखा है? वह अंग्रेज़ी में था या स्थानीय भाषा में?
- क्या आपने किसी पुलिसकर्मी को किसी पर जुर्माना लगाने के लिए 'चालान' लिखते हुए देखा है? वह किस भाषा में लिखा था?

विद्यार्थियों को दो स्तंभों वाली एक सारणी बनाने को कहें। पहले स्तंभ में, वे उन लोगों को लिखेंगे, जिन्हें वे जानते हैं (उदाहरण के लिए, उनके डॉक्टर, एक पुलिसकर्मी, उनकी दादी आदि) या वे इन लोगों के चित्र बना सकते हैं। दूसरे स्तंभ में, वे सूची बनाएँगे कि उन्होंने इन लोगों को अंग्रेज़ी भाषा में क्या लिखते और पढ़ते हुए देखा है। अपनी सूचियाँ बनाने में मदद के लिए उन्हें बोर्ड पर लिखे प्रोत्साहकों का उपयोग करना चाहिए।

- क्या आपकी पाठ्यपुस्तक में इनमें से किसी भी अंग्रेज़ी भाषा का सन्दर्भ है? क्या आप पाठ्यपुस्तक और विद्यार्थियों की सारणियों के बीच कोई संबंध बना सकते हैं?

'दैनिक' अंग्रेज़ी भाषा के लिए भाषा के पाठों की योजना बनाने के लिए विद्यार्थियों की सारणियों का उपयोग करें। देखें कि पाठ्यपुस्तक की सामग्री के साथ आप लिंक कहाँ बना सकते हैं।

## विचार कीजिए

- क्या आपके लिए या आपके स्कूल में से किसी के लिए यह संभव होगा कि वे किसी अंग्रेज़ी भाषा बोलने वाले व्यक्ति को कक्षा में यह बताने के लिए आमंत्रित करें कि वे अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग किस तरह करते हैं? क्या आप किसी डॉक्टर, डाकिए या पुलिसकर्मी से संपर्क कर सकते हैं? विद्यार्थी अपने आस-पास इन व्यवसायों में होने वाले अंग्रेजी भाषा के उपयोग के उदारहण ढूँढकर ऐसी मुलाक़ात के लिए तैयारी कर सकते हैं। कक्षा मेहमान से पूछने के लिए कुछ सरल प्रश्न तैयार कर सकती है। इस मुलाक़ात के बाद, विद्यार्थी उस व्यक्ति को अंग्रेज़ी भाषा में एक छोटा-सा पत्र लिखकर इस मुलाक़ात के लिए उन्हें धन्यवाद दे सकते हैं।

### गतिविधि 6: अंग्रेज़ी भाषा और प्रौद्योगिकी

अंग्रेज़ी भाषा और इसकी वर्णमाला दोनों की ही लोकप्रियता भारतीय समुदाय में बढ़ती जा रही है, जिसका कुछ हद तक कारण है प्रौद्योगिकी में इनकी भूमिका। आजकल, लगभग हर किसी के पास मोबाइल फोन होता है। अब लोग अक्सर एक-दूसरे को टेक्स्ट संदेश भेजते हैं, जिनके लिए अक्सर अंग्रेज़ी भाषा के वाक्यांशों का उपयोग किया जाता है। स्थानीय भाषा में भी टेक्स्ट लिखने के लिए रोमन लिपि का उपयोग बढ़ता जा रहा है।

अपने विद्यार्थियों से कहें कि वे समूह में कार्य करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों पर विचार करें:

> आप एक-दूसरे के साथ और अपने परिवारों के साथ संवाद कैसे करते हैं – परिवार के जिन सदस्यों के साथ आप रहते हैं और जो सदस्य कहीं और रहते हैं, उन दोनों के साथ संवाद कैसे करते हैं?

अंत में, प्रत्येक समूह चर्चा से निकले विचार बताता है। जब आप चर्चा और विचार की इस गतिविधि का उपयोग करते हैं, तो प्रत्येक समूह में एक विद्यार्थी को इन विचारों को लिखने की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। वे यह काम अपनी कॉपी में या कागज़ की एक बड़ी शीट पर कर सकते हैं।

जब विद्यार्थी चर्चा और विचार कर रहे हैं, तब कक्षा का एक चक्कर लगाएँ। उनके विचारों को सुनें। यदि विद्यार्थियों को विचारों के बारे में सोचने में कठिनाई हो रही है, तो आप उनकी मदद करने के लिए इनमें से एक या दो प्रश्नों का उपयोग कर सकते हैं।

- 'क्या आप टेलीफोन या मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं?'
- 'क्या आप टेक्स्ट मैसेज भेजते हैं?'
- 'क्या आपने कभी कंप्यूटर का उपयोग किया है?'
- 'क्या आपके माता-पिता चिट्ठियाँ या ईमेल लिखते हैं?'

जब वे इस बारे में अपने विचार लिख लेते हैं कि लोग किस तरह संवाद करते हैं, तो उनसे इस बारे में सोचते को कहें कि लोग इन गतिविधियों के लिए किन भाषाओं का उपयोग करते हैं – क्या ये अंग्रेज़ी भाषा है, हिन्दी है या उनकी स्थानीय भाषाएँ हैं? या इनका मिश्रण है? उन्हें यह जानकारी अपने चर्चा और विचार चार्ट पर दर्शानी चाहिए।

इसके बाद विद्यार्थियों को इकट्ठा करें और इस बारे में कक्षा में चर्चा करें कि हर गतिविधि के लिए किस भाषा का उपयोग करेंगे, यह कैसे तय होता है। क्या कम्प्यूटर कीबोर्ड के कारण अंग्रेजी भाषा का उपयोग अधिक आसान है? क्या वे हिंदी में ट्रांसलेट किए गए शब्दों के लिए रोमन स्क्रिप्ट का उपयोग करते हैं? कक्षा के विचारों को ब्लैकबोर्ड पर लिखें ताकि विद्यार्थी अधिक अंग्रेजी भाषा को देख और सुन सकें।

विचार कीजिए

- क्या ऐसे कोई तरीके हैं, जिनसे आप अपने पाठों में प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकते हैं? क्या विद्यार्थी किसी को एक ईमेल या टेक्स्ट संदेश भेजकर उन्हें अपनी कक्षा में आमंत्रित कर सकते हैं या उनकी मुलाकात के लिए उन्हें धन्यवाद दे सकते हैं? आप इस टेक्स्ट को साथ मिलकर बोर्ड पर लिख सकते हैं, या अगर आपकी ज्यादा विद्यार्थियों वाली कक्षा है, तो विद्यार्थी समूहों में बैठकर अपने संदेश का प्रारूप तैयार कर सकते हैं। इसके बाद कोई इस संदेश को एक कंप्यूटर या मोबाइल फोन पर टाइप कर सकता है। जो विद्यार्थी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने में शर्माते हैं, जिनमें उन्हें बोलना पड़े, उन विद्यार्थियों को आप कंप्यूटर (यदि आपके पास उपलब्ध हो) या मोबाइल फोन पर टाइप करने के लिए ज्यादा समय देकर प्रोत्साहित कर सकते हैं।

वीडियो: स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए

## 5 समुदाय के समक्ष अंग्रेज़ी भाषा प्रस्तुत करना

पिछली गतिविधियों में आपने अपने स्कूली समुदाय में उपलब्ध अंग्रेज़ी भाषा के बारे में और इसे अपनी कक्षा में लाने के तरीके के बारे में विचार किया है। कुछ ऐसे तरीके भी हैं, जिनसे आप और आपकी कक्षा समुदाय तक पहुँच सकते हैं।

गतिविधि 7: समुदाय के समक्ष अंग्रेज़ी भाषा प्रस्तुत करना

एक अंग्रेज़ी भाषा की सभा आपके स्थानीय समुदाय को जोड़ने का एक तरीका है। आप वर्ष में एक या दो बार कोई कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं, जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावक स्कूल में आते हैं या विद्यार्थी एक से दूसरे स्कूल में जाते हैं। यह कार्यक्रम इन ईकाइयों में सुझाए गए भाषा कार्य के प्रकारों की प्रदर्शनी हो सकती है – उदारहण के लिए विद्यार्थियों द्वारा लिखी गई कविताएँ और साथ में चित्र। यह किसी शाम को गायन, नृत्य और नाटक का कार्यक्रम हो सकता है, जहाँ विद्यार्थी ये कविताएँ प्रस्तुत करें, अंग्रेज़ी भाषा में कोई गीत गाएँ या अंग्रेज़ी भाषा में कोई छोटा नाटक प्रस्तुत करें। (यह नाटक किसी कविता का अभिनय हो सकता है या किसी कहानी का भाग हो सकता है। यह पाँच से दस मिनट की अवधि से ज्यादा नहीं होना चाहिए।) यह आवश्यक नहीं है कि *पूरा* कार्यक्रम अंग्रेज़ी भाषा में ही हो, लेकिन इस कार्यक्रम के द्वारा इसके 'प्रदर्शन' का मौका मिलना चाहिए।

जब आप इस कार्यक्रम की योजना बनाते हैं, तो विद्यार्थी अंग्रेज़ी भाषा में और घर की भाषा में आमंत्रण पत्र तैयार कर सकते हैं। कार्यक्रम के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए, वे स्कूल और समुदाय में प्रदर्शित करने के लिए द्विभाषी पोस्टर बना सकते हैं।

कार्यक्रम के लिए भूमिकाएँ आवंटित करते समय, कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी को शामिल करना सुनिश्चित करें:

- कुछ विद्यार्थी मेहमानों का स्वागत-सत्कार अंग्रेज़ी भाषा में और उनके घर की भाषा में कर सकते हैं। ('गुड आफ्टरनून! प्लीज़ कम इन। प्लीज़ सिट डाउन।')
- कुछ विद्यार्थी कार्यक्रम के दौरान द्विभाषी घोषणाएँ कर सकते हैं। ('Now we will have a poem by Class II students.')
- कुछ विद्यार्थी 'Welcome' और 'Thank you' जैसे शब्द बनाने के लिए द्विभाषी फ्लैश कार्डों का उपयोग कर सकते हैं।

जब विद्यार्थी अपने काम की तैयारी और प्रयास कर रहे हैं तथा इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, तब आप देखेंगे कि वे भाषा के उनके उपयोग को मज़बूत बनाते हैं। साथ ही प्रदर्शन में अपनी भूमिका के बारे में सीखते समय, उन्हें अन्य विद्यार्थियों की भूमिकाओं को सुनने से भी लाभ होगा।

यह सुनिश्चित करें कि आप कक्षा के हर बच्चे को एक गतिविधि में शामिल करते हैं, जिसमें शैक्षणिक या शारीरिक अक्षमता वाले विद्यार्थी भी शामिल हैं।

बाद में, विद्यार्थी उन सभी लोगों को धन्यवाद पत्र भेज सकते हैं, जो लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

अक्सर अभिभावक यह देखने को उत्सुक होते हैं कि उनके बच्चे स्कूल में क्या सीख रहे हैं। संभव है कि वे इस बारे में अनिश्चित हों कि उनके बच्चे पाठ्यपुस्तक की सामग्री के बाहर क्या सीख सकते हैं। जब वे अपने बच्चों को अंग्रेज़ी भाषा में बोलते हुए, कविताएँ, गीत और नाटक प्रस्तुत करते हुए देखते हैं, तो उन्हें बच्चों पर गर्व महसूस होगा। इसके बाद शायद वे यह भी समझ सकेंगे कि अंग्रेज़ी भाषा सीखना स्कूल की कॉपियों से बाहर भी जारी रखना चाहिए।

## 6 सारांश

इस इकाई में आपने अपने विद्यार्थियों के पूर्व-मौजूद अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान के आधार पर विस्तार करने के तरीकों को जाना और यह भी देखा कि समुदाय में उपयोग की जाने वाली अंग्रेज़ी भाषा को आप किस तरह अपनी कक्षा तक ला सकते हैं। आपने आपके स्कूली समुदाय में अंग्रेज़ी भाषा की मौजूदगी के बारे में और अंग्रेज़ी भाषा के इन उपयोगों को बढ़ाने वाली कुछ कक्षा गतिविधियों के बारे में विचार किया। आपने उन तरीकों के बारे में भी सोचा, जिनके द्वारा आप समुदाय के सदस्यों को अपनी अंग्रेज़ी भाषा की कक्षा में शामिल कर सकते हैं, या तो उन्हें कक्षा में यह बोलने के लिए आमंत्रित करके कि वे अपने जीवन और व्यवसाय में अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग किस प्रकार करते हैं, या फिर उन्हें अंग्रेज़ी भाषा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करके।

इस विषय पर अन्य आरंभिक अंग्रेजी भाषा अध्यापक विकास इकाइयाँ हैं:

- *कक्षागत गतिविधियाँ*
- *पाठ्यपुस्तक का रचनात्मक ढ़ग से प्रयोग करना*
- *अंग्रेज़ी भाषा और विषय सामग्री एकीकरण*
- *रचनात्मक तरीके से अंग्रेज़ी भाषा सीखना।*

## संसाधन

### संसाधन 1: स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए

अध्यापन के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों का ही नहीं – बल्कि अनेक शिक्षण संसाधनों का उपयोग किया जा सकता है। यदि आप विभिन्न ज्ञानेंद्रियों (दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध, स्वाद) का उपयोग करने वाले तरीकों की पेशकश करते हैं, तो आप विद्यार्थियों के सीखने के विभिन्न तरीकों को आकर्षित करेंगे। आपके इर्दगिर्द ऐसे संसाधन उपलब्ध हैं जिनका उपयोग आप कक्षा में कर सकते हैं, और जिनसे आपके विद्यार्थियों की शिक्षण-प्रक्रिया को समर्थन मिल सकता है। कोई भी स्कूल शून्य या जरा सी लागत से अपने स्वयं के शिक्षण संसाधनों को उत्पन्न कर सकता है। इन सामग्रियों को स्थानीय ढंग से प्राप्त करके, पाठ्यक्रम और आपके विद्यार्थियों के जीवन के बीच संबंध बनाए जाते हैं।

आपको अपने नजदीकी पर्यावरण में ऐसे लोग मिलेंगे जो विविध प्रकार के विषयों में पारंगत हैं; आपको कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधन भी मिलेंगे। इससे आपको स्थानीय समुदाय के साथ संबंध जोड़ने, उसके महत्व को प्रदर्शित करने, विद्यार्थियों को उनके पर्यावरण की प्रचुरता और विविधता को देखने के लिए प्रोत्साहित करने, और संभवतः सबसे महत्वपूर्ण रूप से, विद्यार्थियों के शिक्षण में समग्र दृष्टिकोण – यानी, स्कूल के भीतर और बाहर शिक्षा को अपनाने की ओर काम करने में सहायता मिल सकती है।

### अपनी कक्षा का अधिकाधिक लाभ उठाना

लोग अपने घरों को यथासंभव आकर्षक बनाने के लिए कठिन मेहनत करते हैं। उस पर्यावरण के बारे में सोचना भी महत्वपूर्ण है जहाँ आप अपने विद्यार्थियों को शिक्षित करने की अपेक्षा करते हैं। आपकी कक्षा और शाला को पढ़ाई की एक आकर्षक जगह बनाने के लिए आप जो कुछ भी कर सकते हैं उसका आपके विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव होगा। अपनी कक्षा को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए आप बहुत कुछ कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप:

- पुरानी पत्रिकाओं और पुस्तिकाओं से पोस्टर बना सकते हैं
- वर्तमान विषय से संबंधित वस्तुएं और शिल्पकृतियाँ ला सकते हैं

- अपने विद्यार्थियों के काम को प्रदर्शित कर सकते हैं
- विद्यार्थियों को उत्सुक बनाए रखने और नई शिक्षण-प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए कक्षा में प्रदर्शित चीजों को बदलें।

## अपनी कक्षा में स्थानीय विशेषज्ञों का उपयोग करना

यदि आप गणित में पैसे या परिमाणों पर काम कर रहे हैं, तो आप बाज़ार के व्यापारियों या दर्जियों को कक्षा में आमंत्रित कर सकते हैं और उन्हें यह समझाने को कह सकते हैं कि वे अपने काम में गणित का उपयोग कैसे करते हैं। वैकल्पिक रूप से, यदि आप कला के प्रकारों और आकृतियों का अध्ययन कर रहे हैं, तो आप विभिन्न आकृतियों, डिजाइनों, परंपराओं और तकनीकों का वर्णन करने के लिए मेहंदी [वैवाहिक मेहंदी] डिजायनरों को स्कूल में आमंत्रित कर सकते हैं। अतिथियों को आमंत्रित करना तब सबसे उपयोगी होता है जब शैक्षणिक लक्ष्यों के साथ संबंध हर एक व्यक्ति को स्पष्ट होता है और सामयिकता की साझा अपेक्षाएं मौजूद होती हैं।

आपके स्कूल के समुदाय के भीतर भी ऐसे विशेषज्ञ हो सकते हैं (जैसे रसोइया या केयर टेकर) जिनका विद्यार्थी अपने शिक्षण के संबंध में अनुवर्तन या साक्षात्कार कर सकते हैं; उदाहरण के लिए, भोजन पकाने में प्रयुक्त परिमाणों का पता लगाना, या जानना कि मौसम की अवस्थाएं स्कूल के मैदानों और इमारतों को कैसे प्रभावित करती हैं।

## बाह्य पर्यावरण का उपयोग करना

आपकी कक्षा के बाहर संसाधनों की एक विशाल शृंखला है जिनका उपयोग आप अपने पाठों में कर सकते हैं। आप पत्तों, मकड़ियों, पौधों, कीटों, पत्थरों या लकड़ी जैसी वस्तुओं को एकत्रित कर सकते हैं (या अपनी कक्षा से एकत्रित करने को कह सकते हैं)। इन संसाधनों को कक्षा में लाकर कक्षा में रोचक प्रदर्शन योग्य वस्तुएं बनाई जा सकती हैं जिनका संदर्भ पाठों में किया जा सकता है। इनसे चर्चा या वर्गीकरण, अथवा जीवित या अजीवित वस्तुओं पर गतिविधि जैसे प्रयोगों के लिए वस्तुएं उपलब्ध हो सकती हैं। बस की समय सारणियों या विज्ञापनों जैसे संसाधन भी आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं जो आपके स्थानीय समुदाय के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं – इन्हें शब्दों को पहचानने, गुणों की तुलना करने या यात्रा के समयों की गणना करने के कार्य निर्धारित करके शिक्षा के संसाधनों में बदला जा सकता है।

बाहर की वस्तुओं को कक्षा में लाया जा सकता है – लेकिन बाहर का पर्यावरण आपकी कक्षा का विस्तार-क्षेत्र भी हो सकता है। आम तौर पर सभी विद्यार्थियों के लिए चलने-फिरने और अधिक आसानी से देखने के लिए बाहर अधिक जगह होती है। जब आप अपनी कक्षा को शिक्षण के लिए बाहर ले जाते हैं, तब वे निम्न प्रकार की गतिविधियाँ कर सकते हैं:

- दूरियों का अनुमान करना और उन्हें मापना
- प्रदर्शित करना कि किसी वृत्त पर स्थित हर बिंदु केंद्रीय बिंदु से समान दूरी पर होता है
- दिन के भिन्न समयों पर परछाइयों की लंबाई रिकार्ड करना
- संकेतों और निर्देशों को पढ़ना
- साक्षात्कार और सर्वेक्षण करना
- सौर पैनलों की खोज करना
- फसल की वृद्धि और वर्षा की निगरानी करना।

कक्षा के बाहर, उनकी शिक्षा वास्तविकताओं और उनके अपने अनुभवों पर आधारित होती है, और अन्य संदर्भों में अधिक स्थानांतरणीय होती है।

यदि आपके बाहर के कार्य में स्कूल के परिसर को छोड़ना शामिल हो तो, जाने से पहले आपको स्कूल के मुख्याध्यापक की अनुमति लेनी चाहिए, समय सारणी बनानी चाहिए, सुरक्षा की जाँच करनी चाहिए और विद्यार्थियों को नियम स्पष्ट करने चाहिए। आपके रवाना होने से पहले आप और आपके विद्यार्थियों को स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए कि क्या सीखा जाना है।

## संसाधनों का अनुकूलन करना

आप चाहें तो मौजूदा संसाधनों को अपने विद्यार्थियों के लिए अधिक उपयुक्त बनाने के लिए अनुकूलित कर सकते हैं। ये परिवर्तन छोटे से हो सकते हैं किंतु बड़ा अंतर ला सकते हैं, विशेष तौर पर यदि आप शिक्षण को कक्षा के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, आप जगह और लोगों के नाम तब बदल सकते हैं यदि वे किसी अन्य प्रदेश से संबंधित हों, या गीत में किसी व्यक्ति का लिंग बदल सकते हैं, या किसी विकलांग बच्चे को कहानी में शामिल कर सकते हैं। इस तरह से आप संसाधनों को अधिक समावेशी और अपनी कक्षा और उनकी शिक्षण-प्रक्रिया के उपयुक्त बना सकते हैं।

संसाधनयुक्त होने के लिए अपने साथी शिक्षक के साथ काम करें: संसाधनों की उत्पत्ति और अनुकूलन के लिए आपके बीच विविध कौशल उपलब्ध होंगे। एक साथी शिक्षक के पास संगीत, जबकि दूसरे के पास कठपुतलियाँ बनाने या कक्षा के बाहर के विज्ञान को नियोजित करने के कौशल हो सकते हैं। आप अपनी कक्षा में जिन संसाधनों को उपयोग करते हैं उन्हें अपने साथी शिक्षक के साथ साझा कर सकते हैं ताकि अपने स्कूल के सभी क्षेत्रों में एक प्रचुर शिक्षण पर्यावरण बनाने में आप सबकी सहायता हो सके।

## अतिरिक्त संसाधन

- Teachers of India classroom resources: http://www.teachersofindia.org/en
- 'Children talk their way into literacy' by Gordon Wells: http://people.ucsc.edu/~gwells/Files/Papers_Folder/Talk-Literacy.pdf

## संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची


Amritavalli, R. (2007) *English in Deprived Circumstances: Maximising Learner Autonomy*. Department of Linguistics, The English and Foreign Languages University, University Publishing Online, Foundation Books.

Cummins, J. (undated) 'BICS and CALP' (online), Jim Cummins' Second Language Learning and Literacy Development Web. Available from: http://iteachilearn.org/cummins/bicscalp.html (accessed 2 July 2014).

Cummins, J. (2000) *Language, Power, and Pedagogy: Bilingual Children in the Crossfire*. Bristol: Multilingual Matters.

Gibbons, P. (2002) *Scaffolding Language, Scaffolding Learning: Teaching Second Language Learners in the Mainstream Classroom*. Portsmouth: Heinemann.

Krashen, S. (1981) *Second Language Acquisition and Second Language Learning*. Oxford: Pergamon Press.

Krashen, S. (1982) *Principles and Practice in Second Language Acquisition*. Oxford: Pergamon Press.

Mohan, B. (1986) *Language and Content*. Reading, MA: Addison-Wesley.

Mohan, B., Leung, C. and Davison, C. (eds) (2001) *English as a Second Language in the Mainstream: Teaching, Learning and Identity*. New York, NY: Longman.

Wells, G. (2003) 'Children talk their way into literacy', published as 'Los niños se alfabetizan hablando' in García, J.R. (ed.) *Enseñar a escribir sin prisas … pero con sentido*. Sevilla, Spain: Publicaciones MCEP. Available from: http://people.ucsc.edu/~gwells/Files/Papers_Folder/Talk-Literacy.pdf (accessed 8 July 2014).

Wells, G. (2009) *The Meaning Makers: Learning to Talk and Talking to Learn*, 2nd edn. Bristol: Multilingual Matters.


## अभिस्वीकृतियाँ


यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/) के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है, जब तक कि अन्यथा निर्धारित न किया गया हो। यह लाइसेंस TESS-India, OU और UKAID लोगो के उपयोग को वर्जित करता है, जिनका उपयोग केवल TESS-India परियोजना के भीतर अपरिवर्तित रूप से किया जा सकता है।

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।



वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन अध्यापक शिक्षकों, मुख्याध्यापकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।